## संक्षिप्त

### कार्यकारिणी को शपथ दिलाई

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** हरियाणा गौड़ ब्राह्मण पंचायत संस्था युवा संघ की नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य चुनाव अधिकारी रुपेश शर्मा ने अध्यक्ष मनोज कोठोत्या, उपाध्यक्ष कविराज बोहरा, दुष्यंत पंचोली, सचिव दीपक बलेसरा, सह सचिव बनवारी बोहरा, कोषाध्यक्ष रोहित बापलावत, सह कोषाध्यक्ष प्रतीक ढाचोल्या, संगठन मंत्री नितेश भोपलावत, आशीष हल्दीनिया, सह सांस्कृतिक सचिव गौरव भैवाल, प्रचार मंत्री निक्की बेरोज्या, शानू बेरोज्या, क्रीड़ा सचिव मनु भोपलावत, सह क्रीड़ा सचिव रवि बापलावत सहित कार्यकारिणी सदस्य राजेश बंदावला, रोहित बोहरा, देव बेरोज्या को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर पदीय दायित्व सौपा। साथ ही संरक्षक मंडल में पवन कोठोत्या, चेतन बोहरा, भरत पंचोली, कमल बापलावत, राहुल कोठोत्या को शामिल किया। कैलाश पंचोली व योगेश बोहरा ने चुनाव प्रक्रिया में सहयोग किया। पूर्व युवा अध्यक्ष धनराज भोपलावत, दीपक बापलावत, प्रदीप बापलावत, राहुल कुलचान्या परासिया मौजूद रहे। अध्यक्ष मनोज कोठोत्या व सचिव दीपक बलेसरा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कार में लगी आग

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में गंज थाना क्षेत्र में रविवार को फव्वारा सर्किल से एलिवेटेड रोड पर जा रही एक कार में अचानक आग लग गई। कार में आग लगने से रोड पर अफरा-तफरी मच गई। बांदनवाड़ा से अजमेर आ रही कार एलिवेटेड रोड से उतरते समय अचानक रुक गई और उसे दोबारा स्टार्ट करने पर उसमें आग लग गई। आग से कार पूरी तरह जल गई। मौके पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने आग बुझाई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गनीमत रही कि चालक समय रहते कार से कूद गया और उसकी जान बच गई। बांदनवाड़ा निवासी राजेश कुमावत ने बताया कि वह अपने भाई और उनके साथियों को पेपर दिलवाने अजमेर आया था। कुमावत ने बताया कि वह कार चला रहा था। जैसे ही वे फव्वारा सर्किल से एलिवेटेड रोड पर चढने लगे, कार अचानक बंद हो गई। तभी कार के बोनट से धुंआ निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग की लपटें उठने लगीं। घबराहट में चालक ने तत्काल दरवाजा खोलकर जैसे तैसे बाहर आया। देखते ही देखते कार आग की चपेट में आ गई। राहगीरों ने तत्काल गंज थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। हादसे की वजह से एलिवेटेड रोड पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक भी बाधित रहा। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। गंज थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अग्रवाल अध्यक्ष नियुक्त

**भीलवाड़ा ।** सांसद दामोदर अग्रवाल पर भाजपा आलाकमान का विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में अब अग्रवाल को फूड कॉरपोरेशन इंडिया की सलाहकार समिति का राजस्थान राज्य का अध्यक्ष नियुक्त किया है । केंद्रीय उपभोक्ता मामले व सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की अनुशंसा पर भीलवाड़ा साँसद दामोदर अग्रवाल को फूड कॉर्पोरेशन इंडिया की सलाहकार समिति के राजस्थान का अध्यक्ष नियुक्त किया है ।

# अजमेर में चलते कंटेनर से फिल्मी स्टाइल में चोरी

**अजमेर, (कासं)।** जिले के नसीराबाद उपखंड से गुजर रहे नेशनल हाईवे संख्या 48 पर चोरों ने फिल्मी अंदाज में चलते कंटेनर से दवाइयों के 28 बॉक्स चुरा लिए। यह कंटेनर अहमदाबाद से दिल्ली जा रहा था। कंटेनर के चालक की सतर्कता की वजह से अन्य दवाई के कार्टन चोरी होने से बच गई। पीडित् कंटेनर चालक ने थाने में शिकायत दी है।

बिहार भोजपुर जिले के कोईलवर गांव निवासी कंटेनर चालक मोहम्मद रजा अंसारी ने नसीराबाद सदर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत देते हुए कंटेनर से दवाइया के 28 बॉक्स चोरी की होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीडित् अंसारी ने पुलिस को बताया कि वह अहमदाबाद स्थित फार्मा कंपनी से आर्मी हॉस्पिटल दिल्ली के लिए 67 कार्टन दवाइयां लेकर निकले थे। जब वे ग्राम मोतीपुरा के पास पहुंचे तो साइड मिरर में देखा कि कंटेनर से कुछ बॉक्स नीचे गिर रहे हैं।




नेशनल हाईवे संख्या 48 पर चोरों ने फिल्मी अंदाज में चलते कंटेनर से दवाइयों के 28 बॉक्स चुरा लिए।

**चलते कंटेनर का तोड़ा ताला:** कंटेनर चालक को शक होने पर उन्होंने तुरंत वाहन रोका, तभी देखा कि दो व्यक्ति कंटेनर से उतरकर पीछे खड़ी बाइक पर सवार होकर रॉन्ग साइड भाग गए। चालक ने बताया कि चोरों ने फिल्मी अंदाज में कंटेनर पर चढ़े और ताला तोडक़र वाहन में घुसे और चलती गाड़ी से बॉक्स बाहर फेंकते गए।

- चोरों ने दवाइयों के 28 बॉक्स चुराए
- पुलिस जांच में जुटी

संभवत: पीछे एक और वाहन था, जिसमें गिरते ही बॉक्सों को लादा जा रहा था। सदर थाना प्रभारी अशोक बिशु ने बताया कि पीडित् की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज व हाइवे पेट्रोलिंग की सहायता से आरोपियों की तलाश की जा रही है। फिलहाल 28 दवा बॉक्सों के चोरी की पुष्टि हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## म्यूजिकल अंताक्षरी में 32 टीमों ने भाग लिया

**मदनगंज-किशनगढ़ (निस)।** माहेश्वरी पंचायत संस्था की और महेश जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रमो के अंतर्गत महेश विहार में आयोजित म्यूजिकल अंताक्षरी में समाज की 32 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में संदीप- निकिता लढ़ा की जोड़ी प्रथम रही व द्वितीय नरेश-सुरेश सारदा रहे। संचालन अजय काबरा व आरती असावा ने किया।निर्णायक पियूष पाराशर थे। इस दौरान अध्यक्ष रामनारायण झंवर, सचिव किशन बंग, संयोजक विजय सारदा, राजकुमार बांगड़, भगवान बाहेती, नवयुवक मंडल अध्यक्ष दीपक मंत्री, महिला मंडल अध्यक्ष सरिता मंत्री, मनीष सोनी, प्रवक्ता अनिल लढा, अमित सोमानी सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। चित्रकला प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में प्रथम सार्थक राठी, द्वितीय आर्या कालानी, जूनियर वर्ग में प्रथम विआन तापड़िया, द्वितीय पार्थ सोमानी रहे। केरम प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम विआन तापड़िया, द्वितीय विनय बांगड़, सीनियर वर्ग में प्रथम श्याम झंवर, द्वितीय आयुष सोमानी रहा।

## कार्यकारिणी की बैठकों की तैयारी

- कांग्रेस संगठन को गतिशील बनाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के तहत आर टी डी सी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस जनो की बैठक ली

**अजमेर, (कासं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कांग्रेस संगठन को गतिशील बनाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत आर टी डी सी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ (पूर्व राज्य मंत्री) ने रविवार को अजमेर उत्तर के दोनों ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों व सभी मंडल अध्यक्षों की बैठक लेकर आगामी 3 व 4 जून को होने वाली अजमेर उत्तर क्षेत्र के सभी 11 मंडल कार्यकारिणी की मीटिंग की तैयारियों को लेकर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये, इससे पूर्व राठौड़ ने दोनों ब्लॉक अध्यक्षों व सभी मंडल अध्यक्षों से वन टू वन मुलाकात करके उनके ब्लॉक व मंडल की संगठनात्मक जानकारी प्राप्त की।

धर्मेंद्र राठौड़ के साथ हुई बैठक में अजमेर उत्तर के ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद, मंडल अध्यक्ष पूर्व पार्षद कमल बैरवा, हेमंत जसोरिया, चितलेश बंसल, राजा झांझरी, छोटू सिंह रावत, भंवर सिंह राठौड़, पार्षद हमीद चीता, पंकज छौटवानी, निमेश चौहान व पूर्व पार्षद गणेश चौहान शामिल थे।

इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव पार्षद नौरत गुजर, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक व हेमंत जोधा, ब्लॉक उपाध्यक्ष आरिफ खान, राजेश गोडीवाल व निर्मल पारीक भी मौजूद थे।

धर्मेंद्र राठौड़ ने दोनों ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों व सभी मंडल कांग्रेस अध्यक्षों से आव्हान किया कि सभी अपने अपने ब्लॉक व मंडल पदाधिकारियों के घर जाकर उनसे संपर्क करें तथा संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा संगठन का वार्ड व बूथ स्तर तक गठन करने की कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिये, राठौड़ ने 3 जून को अजमेर उत्तर ब्लॉक ए व 4 जून को अजमेर उत्तर ब्लॉक बी के सभी मंडल कार्यकारिणी की बैठक में सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का भी आव्हान किया।

## आवासियों ने खानचन्दानी का काटा केक

**अजमेर, (कासं)।** ताराचन्द हुदलदास खानचन्दानी सेवा संस्था अजमेर द्वारा श्री अमरापुर सेवा घर के वृद्धाश्रम के आवासियों ने संस्थापक एन आर आई अमोलक खानचन्दानी के जन्मदिवस पर केक काटा गया।

अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि संरक्षक खानचन्दानी, जो अप्रवासी भारतीय अमेरिका में रहकर अजमेर में वद्धाश्रम का संचालन, बच्चों के लिए नि:शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा, महिलाओं के लिए सिलाई, बुनाई, में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे है। उनका लगाव अभी अजमेर से बना हुआ।

महासचिव हरी चन्दनानी ने बतायाकि संस्था की एक बैठक आयोजित कर आगामी पोजेक्ट के बारे में चर्चा की व आय-व्यय का विवरण रखा गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष- सुनील खानचंदानी, सलाहकार- गिरधर तेजवानी, उपाध्यक्ष-मोती तेजवानी, दिनेश मुरजानी, सचिव- जीडी वरिंदानी, रमेश मेंघानी, स्वास्थ्य अधिकारी- डॉ. भरत छबलानी, कार्यकारिणी सदस्य- हरीराम कोडवानी, रमेश टिलवानी, प्रेम केवलरमानी, ललित लौंगानी आदि मौजूद रहे। आभार शंकर बदलानी ने व्यक्त किया।

## शोभायात्रा पूर्ण हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

- धूमधाम से भरा गया मेला, हजारो महिलाओं, पुरूषों व बच्चों ने लिया भाग, माता जी का अखाड़ा रहा मेले का मुख्य आकर्षण

**अजमेर, (कासं)।** सर्व श्री रैगरान चारो बांरी पंचायत अजमेर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी काली माता का मेला आज रविवार को पूर्ण हर्षोल्लास के साथ भरा गया जिसमें प्रात: शोभायात्रा शहर के विभन्न मार्गो से निकाली गई जिसमें समाज के सैकडो महिलाओं, पुरूषो व बच्चो ने मेले व शोभायात्रा का लुफ्त उठाया। रैगरान चारो बारी पंचायत के अध्यक्ष अरविन्द धौलेखेडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रात: 10 बजे मेले की शोभायात्रा को दक्षिण विधायिका अनिता भदेल व कैलाष झालीवाल के द्वारा माता जी की आरती उतारकर डिग्गी बाजार रैगर मौहल्ला से आरम्भ होकर कपड़ा बाजार, घसेटी बाजार, नला बाजार, ख्जाना गली, नया बाजार, आगरा गेट से होकर नाचते गाते, काली माता के करतब दिखाती हुई घूघरा घाटी आईजी ऑफिस के सामने काली माता के मन्दिर पर सम्पन्न हुई।

शोभयात्रा में बच्चे आगे आगे गुब्बारे लेकर माता के जयकारे लगाते हुए चले। शोभायात्रा का विशेष आकर्षण काली माता का अखाड़ा जिसमें करतप दिखाते हुए शहरवासियों ने माताजी का आर्शीवाद लिया तत्पश्चात् सांय 5 बजे तक माता के मन्दिर व भजन कीर्तन, प्रसाद भण्डारा व सांय 6 बजे महाआरती कर मेले का समापन हुआ जिसमें समाज व शहर के प्रबुद्व लोग उपस्थित रहे।

समस्त समाज की महिलाओं, पुरूषो व बच्चों ने भाग लिया व मेले का भरपूर लुफत उठाया। शोभायात्रा में लक्ष्मी बैण्ड द्वारा मधुर गीत प्रस्तुत किये। इस मेले में रैगर समाज के राज्यभर से हजारो लोग माता का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए शामिल हुए। मेले में आम भण्डारे का आयोजन रखा गया है जिसमें समस्त श्रृद्धालुओं को शर्बत, आइसक्रीम, चावल, छोले आदि वितरण किये गये। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत द्वार लगाकर भव्य स्वागत किया गया। व्यापारी संगठनो द्वारा शोभयात्रा में चल रहे लोगो को शर्बत, पानी, मिल्करोज आदि वितरित किये गये। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष अरविन्द धौलखेड़िया, ताराचन्द संवासिया, प्रकाशदेव खेतावत, देवेन्द्र गोस्वामी, कीर्तन खेतावत, बाबू लाल नवल, राजकुमार ओजवानी, आदि उपस्थित रहे।

## कार्यशाला शुरू

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर की सांस्कृतिक धरा पर रविवार को भावभीनी और कलात्मक शुरुआत की गई। विविधा कला एवं सांस्कृतिक संस्था और अजमेर कत्थक कला केंद्र की ओर से स्वर्गीय डॉ. नूपुर राय की स्मृति में 15 दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ सूचना केंद्र में हुआ।

अजमेर कथक कला केंद्र की पदाधिकारी दृष्टि रॉय ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य न केवल कथक जैसे शास्त्रीय नृत्य को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है, बल्कि स्व. डॉ. नूपुर राय के कला समर्पण को भी श्रद्धांजलि है।

हाई सिक्योरिटी जेल के अधीक्षक पारस जांगिड़ ने कहा कि कथक नृत्य कला हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और इसको नई पीढ़ी को अवगत होना चाहिए। संस्था द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर इसको साकारर रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को नृत्यांगना दृष्टि राय प्रशिक्षण देंगी। दृष्टि राय स्वयं एक कुशल कथक कलाकार हैं ।

# डीडवाना में नशीली दवाओं पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**डीडवाना ।** पुलिस ने कल रात मेगा हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 लाख रुपए की नशीली दवाओं की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने इस कार्रवाई में प्रतिबंधित ट्रामाडोल दवाइययों की 41000 नशीली टैबलेट जब्त की है साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक पिकअप गाड़ी और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

इन नशीली दवाओं को गाड़ी में एक गुप्त बॉक्स बनाकर छुपाया गया था, जिसे तलाशी के दौरान पुलिस ने ढूंढ निकाला। इन दवाओं को पंजाब ले जाया जा रहा था, जहां इन्हें ड्रग्स के विकल्प के रूप में युवाओं को बेचा जाना था। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने आज प्रेस वार्ता करते हुए इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि कल देर रात को डीडवाना पुलिस द्वारा मेगा हाईवे पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक पंचर की दुकान के सामने पंजाब नंबर की एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी दिखाई दी। इस पर थाना अधिकारी राजेंद्र सिंह ने पिकअप चालक से पूछताछ की, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

इस पर पुलिस ने पिकअप की तलाशी ली। पिकअप में सब्जी के खाली कैरेट भरे हुए थे, जिन्हें हटाकर तलाशी ली गई तो पिकअप में एक गुप्त बॉक्स मिला। जिसमें नशीली दवा ट्रामाडोल के 205 पैकेट पाए गए। प्रत्येक पैकेट में 20 स्ट्रिप और प्रत्येक स्ट्रिप में 10-10 टैबलेट यानी कुल 41000 टेबलेट बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों के पास इन टैबलेट्स के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज और परमिट नहीं मिला। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बरामद की गई ट्रामाडोल दवाई नशीली दवा है, जिसे सरकार द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। इस दवा का उपयोग ड्रग्स के विकल्प के रूप में किया जाता है। इस दवा को पंजाब ले जाकर बेचे जाने की योजना थी, इसी कारण पिकअप में गुप्त बॉक्स बनाकर इसका इसकी तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में पंजाब के तरनतारण जिले के जितेंद्र सिंह व शमशेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

## सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**अजमेर, (कासं)।** शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरों ने अपनी दस्तक दी। बीती रात अज्ञात चोरो ने सूने मकान में घुसे और जेवरात सहित अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। सावित्री कॉलेज के सामने रहने वाली डॉ. आशा जोनसन अपनी बेटी के पास दिल्ली गई हुई थीं, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान को निशाना बनाया। पीडित्ा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सावित्री कॉलेज के सामने रहने वाली डॉ. आशा जोनसन के मकान में चोरो ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी पडोस में रहने वाली रिश्तेदार ने सिविल लाइंस थाना पुलिस को सूचना दी।

# पेपर लीक प्रकरण पर वेब सीरिज लॉन्च

**अजमेर, (कासं)।** करीब दो साल पहले हुए पेपर लीक प्रकरण पर जोधपुर के मॉडल व एक्टर श्रवण चौधरी ने वेब सीरिज पेपर लीक तैयार की है। 6 एपिसोड की यह वेब सीरिज 6 जून को स्टेज ओटीटी पर रिलीज होगी। रविवार को वेबस सीरिज टीजर लॉन्च किया, जिसको दर्शकों की सराहना मिली है। श्री शुभम पिक्चर्स के बैनर तले बनी वेब सीरिज के प्रोड्यूसर और मॉडल-एक्टर श्रवण चौधरी ही इसमें लीड किरदार में नजर आएंगे। वहीं मुख्य हिरोइन भोजपुरी फिल्मों की एक्ट्रेस संचिता बनर्जी होंगी। उनके दोस्त की भूमिका में बॉलीवुड कलाकार अवि राखेचा हैं।

एक्टर श्रवण चौधरी ने बताया कि उन्होंने बताया कि यह वेब सीरीज राजस्थानी सहित कई भाषाओं में रिलीज की जाएगी। इसमें दिखाया गया है कि किस तरह स्कूल की कक्षा पास करने के लिए पेपर चुराने वाले दो बच्चे राजस्थान में पेपर लीक करने वाला गिरोह खड़ा कर इसे माफिया बिजनेस बना देते हैं। साथ ही पेपर लीक से परीक्षाएं रद्द होने के फैसले का स्टूडेंट्स और उनके परिवार वालों पर पडने वाले असर को भी दिखाया जाएगा। खुशाल सिंह राठौड़ (यजुवेंद्र) के निर्देशन में बनी इस फिल्म में टीवी और बॉलीवुड के कई सितारे नजर आएंगे। इनमें पैसा वसूल, दबंग 2, स्टाइल जैसी फिल्मों में नजर आए राजकुमार कन्नोजिया, सावधान इंडिया व क्राइम पेट्रोल के 100 से ज्यादा एपीसोड करने वाले कमाल मलिक, हिंदी-बंगाली की 20 से ज्यादा फिल्में कर चुके सुब्रत दत्ता प्रमुख हैं। इनके अलावा क्षितिज कुमार, सिकंदर चौहान, गिरवर सिंह, हितेंद्र सिंह, युधिष्ठिर सिंह भाटी, शहजाद पठान, नवीन बोराणा, दिनेश गुर्जर, प्रभास भी महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म में संगीत सम्राट चौहान और पोस्ट प्रोडक्शन टीना राठौड़ का है। लाइन प्रोड्यूसर देवीलाल है। क्रिएटिव डायरेक्टर सारिका भूशाल है। इसकी शूटिंग जोधपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में हुई, उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा और संस्कृति को आगे बढ़ाना मुख्य उद्देश्य है, इसलिए इस वेब सीरीज को राजस्थानी भाषा में लॉन्च किया है।

# कैंसर प्रीवेशन शिविर में 24 बालिकाओं के टीकाकरण

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** मार्बल सिटी हॉस्पिटल एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 9 वर्ष से 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए आयोजित नि:शुल्क सर्वाइकल कैंसर प्रीवेंशन टीकाकरण शिविर के दूसरे दिन 24 बालिकाओं के टीकाकरण किया गया। हॉस्पिटल निदेशक ओमप्रकाश मैंनावत ने बताया कि शिविर रतनलाल कंवरलाल पाटनी फाउंडेशन के आर्थिक सहयोग से किया जा रहा है। प्रकल्प प्रभारी सुभाष जामड ने बताया कि शिविर प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर एक बजे तक निरंतर रहेगा। शिविर में बबीता संचेती, गोविंद अठावाल, दिनेश अठावाल, नंदकिशोर अठावाल, राजकुमार बांगड़, कैलाश चंद्र अठावाल व मुकेश मंगनानी ने सेवाएं दी। शिविर का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, सीए सी एम अठावाल, आर के मार्बल से सुभाष अठावाल, पदम कोठारी, महावीर कोठारी, ओमप्रकाश मेनावत ने किया।



नि:शुल्क सर्वाइकल कैंसर प्रीवेंशन टीकाकरण शिविर में उपस्थित गणमान्य जन।

## सार-समाचार

### दुपहिया चालकों को वितरित किए हेलमेट

**अजमेर, (कासं)।** अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस के अवसर पर रविवार को राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ अजमेर और यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया। इस अवसर पर जरुरतमंद वाहन चालकों को हेलमेट वितरण किया गया। जागरूकता अभियान के तहत करीब 100 दोपहिया वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट प्रदान किए गए। राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ अजमेर के जिलाध्यक्ष नरेश मुदगल ने बताया कि संस्था सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम करती आ रही है। इसी कड़ी में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस के उपलक्ष में वैशाली नगर स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार के सामने जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, मुख्य अतिथि यातायात उप अधीक्षक आयुष वशिष्ठ द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी और नि:शुल्क हेलमेट का वितरण किया गया। वशिष्ठ ने कहा कि हेलमेट केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी जान की ढाल है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर भामाशाह राजीव शर्मा ने कहा कि समाज के जागरूक नागरिकों को सडक् सुरक्षा जैसे विषयों पर योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान उन दुपहिया चालकों को हेलमेट वितरित किए गएए जो बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे। साथ ही उन्हें ट्रैफिक नियमों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर पल्लव शर्मा, आशीष उपाध्याय, एडवोकेट उमंग शर्मा, वैाव शर्मा, महेंद्र शर्मा, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, हनुमान शर्मा, रघुनाथ शर्मा, योगेश सारस्वत, जी विकास शर्मा, राजेश ओझा, पंडित कमल शर्मा, अमित भूषण, निर्मल शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पाटोत्सव 18 जून को

**अजमेर ।** श्री चामुंडा माता मंदिर ट्रस्ट की बैठक रविवार को मंदिर परिसर में ट्रस्ट के अध्यक्ष देवी सिंह चौहान अध्यक्षता में आयोजित हुई। ट्रस्ट कार्यकारिणी के चुनाव उपरांत पहली बैठक मे श्री चामुंडा माता मंदिर का पाटोत्सव 18 जून बुधवार को मनाये जाने का निर्णय सर्वसम्मती से लिया. चौहान ने बताया कि पाटोत्सव के दिन भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। महामंत्री विजय सिंह नाथावत ने बताया कि बैठक में ट्रस्ट सदस्यों ने सहयोग के रूप में राशि प्रदान किया। 18 जून को शाम 7 बजे श्री चामुंडा माता की महा आरती के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें समाज के अधिक से अधिक बंधुओ बहिनो को शामिल करने के लिए प्रचार प्रसार किया जायेगा. ट्रस्ट की बैठक में सत्यनारायण सिंह चौहान, बाबू सिंह पंवार, प्रताप सिंह चौहान, घनश्याम सिंह चौहान, मुकेश सिंह भाटी, ईश्वर सिंह सांखला, उम्मेद सिंह भाटी, कमल किशोर सिंह, सम्पत सिंह हाडा, सत्यनारायण सिंह गौड़, अशोक सिंह राजावत, नरेंद्र सिंह गॉड, हरि सिंह पवार, भंवर सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

### जीवन का महत्व बताया

**अजमेर, (कासं)।** सतगुरू स्वामी टेउंराम के चालीहा महोत्सव और स्वामी टेंउंराम की चोथ की महिमा समझाते हुए प्रेम प्रकाश मंडलाचार्य के परम अध्यक्ष अमरापुर आश्रम जयपुर के महामण्डलेश्वर सन्त स्वामी भगत प्रकाश ने अपने प्रवचनो में स्वामी टेंउराम चालीहा का महत्व समझाया, जिसमें बताया कि चालीस दिनो तक आराधना के पश्चात आपका अवतरण सिन्धी तिथि 4 पावन दिवस पर हुआ था। स्वामी भगत प्रकाश ने सनातन धर्म की महिमा और सन्त स्वामी टेउंराम, स्वामी शान्ति प्रकाश महाराज, स्वामी सर्वानन्द महाराज और प्रेम प्रकाश मंडल के समस्त सन्तो महापुरूषो की महिमा बताई। भगत प्रकाश ने मानव शरीर को दुर्लभ बताया और परमात्मा को पाने का साधन बताया कि उन्होने बताया कि तीन वस्तुओ दुलर्भ है पहला मानव जीवन, द्वितीय प्रभु भक्ति का सन्तो की संगति और सन्तो की कृपा व गुरू महाराज की संगति भी सौभग्य से मिलता है। यह सब ईश्वर की कृपा से ही चैरासी लाख योनियो में मानव जीवन मिलता है, पिछले कर्मों के कारण ही स्वामी टेंउराम में परम पद प्राप्त किया। स्वामी टेउंराम की चालीहा महोत्सव के 12वें दिवस के अवसर पर प्रेम प्रकाश आश्रम प्रेम प्रकाश मार्ग वैशाली नगर में प्रेम प्रकाश मंडल आश्रम के वरिष्ठ सन्त स्वामी ब्रह्मानंद शास्त्री, सन्त स्वामी रामप्रकाश, बसंतराम दरबार के सन्त स्वामी जस महाराज, सन्त स्वामी नारायणदास और अनेक अन्य सन्तो महात्माओ के द्वारा गुरूजनो की महिमा में सत्संग प्रवचनो के माध्यम से बताई। इस अवसर पर सन्त समागम का आयोजन भी हुआ।

### गीतों भरी शाम शहीदों के नाम

**ब्यावर** (निसं) अमर शहीद भगत सिंह सर्किल पर भारतीय सांस्कृतिक निधि के तत्वावधान में गीतों भरी शाम शहीदों के नाम का भव्य आयोजन रखा गया। इन्टैक ब्यावरअध्याय के कन्वीनर रामप्रसाद कुमावत ने बताया की शहर की संगीत को समर्पित सभी साधकों, प्रतिभाओं एवं माँ शारदे के आराधकों द्वारा शनिवार को शहीद भगतसिंह सर्किल, होटल विक्रांत के सामने रात्रि 8.30 बजे से एक गीत-संगीत का कार्यक्रम रखा गया । कार्यक्रम सीमावर्ती जिलों में ऑपरेशन सिंदूर के तहत रात्रि में ही होने वाली मॉकड्रिल के समय हमारे देश के सीमा सुरक्षा प्रहरियों की हौंसला अफजाई, सम्मान एवं शहीदों की याद में किया गया। अपने देशप्रेम को प्रगाढ़ता प्रदान करते हुए संगीत से जुडी और समर्पित शहर की संस्थाओ कराओके सिंगर क्लब,सारेगामा क्लब,संगीत कला संगम,राजेंद्र बाड़मेर ऐंड ग्रुप,विरोश बघेल ऐंड ग्रुप,दुष्यंत त्रिपाठी ऍन ग्रुप ने देर रात्रि तक अपने देशप्रेम से जुड़े तरानो से दर्शको को बांधे रखा। गौरतलब है की शहीद भगतसिंह सर्किल के निर्माण के बाद पहली बार ही देशभक्ति के कार्यक्रम काआयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के तथा विदिशा जैन द्वारा माँ शारदे की आराधना के साथ हुआ । विरोश बघेल तथा उनकी बैण्ड के साथी कलाकारों राजन सोनी, विवेक चौहान, उदय शर्मा, इतिका शर्मा, हर्षवर्धन आदि ने सामूहिक गायन के जरिये " तेरी मिट्टी में मिल जावां" गाने से राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना पेश की। इसी क्रम में समूह ने "ऐ वतन तेरे लिए" गीत के माध्यम से राष्ट्रीय निष्ठा को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में अनिल आर्य ने जब "ओ महाराणा प्रताप कठै" गाने के सुर छेड़े तो सभी ने जोशपूर्ण तरीके से इनका स्वागत किया। अटल बिहारी दाधीच ने "आ अब लौट चलें" गीत के माध्यम से अलग ही देशराग छेड़ा तो सुरेश उपाध्याय ने तिरंगे के रंगों की महिमा का बखान किया।संजय सिंह और राहुलदेव मेहरा ने संदेशे आते है.. करते हुए कारगिल में हुए शहीदों की याद ताज़ा कर दी। मेरे देश प्रेमियों... रवि बोयत,मेरी आन तिरंगा...राकेश कासोटिया,दिल करता यारा... राजेंद्र सोनी और तपेन्द्र व्यास ने "अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों" के जरिए महान सैनानियों का संदेश पहुंचाया।वृतन्जय आर्य ने " देखो वीर जवानो... नई पीढ़ी को राष्ट्र की अस्मिता को सुरक्षित रखने का आ ान किया। धर्मपाल जावा ने " ऐ जाते हुए लम्हों" गीत के माध्यम से कुछ उम्मीदों और विश्वास के साथ धर्मधरा से रुख़सत होने की बात कही। मुकेश लखन ने "हर कर्म तेरा करेंगे" से अपने भाव प्रकट किये।आयोजन के दौरान इन्टैक ब्यावर अध्याय के कन्वीनर रामप्रसाद कुमावत ने सभी आगन्तुकों व नागरिकों का स्वागत एवं आभार जताया तथा कलाकारों की सुन्दर प्रस्तुतियों पर सभी को संस्था की ओर से प्रमाण-पत्र व स्मृति चिह्न देने की घोषणा की।

### पथ संचलन निकाला

**नागौर ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग- प्रथम में संघ स्थान पर किए हुए अभ्यास का प्रत्यक्ष प्रगटीकरण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। 17 मई से चल रहे इस वर्ग में संघ की शारीरिक कार्य पद्धित के अनुभव को शारदापुरम् स्थित शारदा बाल निकेतन के मैदान से विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर पुन: शारदा बाल निकेतन संघ स्थान पर पहुंचकर प्रकट किया। पथ संचलन में घोषवादक स्वयंसेवकों द्वारा भारतीय रचना किरण, श्री राम, भूप, शिवरंजनी, मीरा, तैलंग, सोनभद्र, मेवाड़, अजय व चेतक का सुमधुर वादन किया गया। प्रशिक्षणार्थी स्वयंसेवकों ने पणव, आणक, झांझ, त्रिभुज, शंख, नागांग, तूर्य व वेणु में विभिन्न रचनाओं का वादन किया। शारदा बाल निकेतन स्थित कार्यकर्ता विकास वर्ग - प्रथम के संघ स्थान से ठीक 6:40 पर इस पथ संचलन ने प्रस्थान किया। एक साथ सधे हुए कदमों से यह संचलन शारदापुरम् स्थित पानी की टंकी, त्यागी जी की बगीची, शिव मंदिर, सकल हिंदू समाज मोक्ष धाम, बख्तसागर, केशवदासजी महाराज की बगीची, भूतनाथ महादेव, रघुनाथ मंदिर, नया दरवाजा, हनुमान मंदिर, कक्कु वालों की पोल व मरुधर कॉलोनी से होता हुआ पुन: शारदा बाल निकेतन पहुंचा। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं व मातृशक्ति द्वारा देशभक्ति उद्घोष लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। विविध संगठनों के पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्ग के पथ संचलन के कार्यक्रम में नया दरवाजा हनुमान जी के मंदिर के सामने पुष्प वर्षा की गई ।

